
**लोकार्पण** उप मुख्यमंत्री ने जनजातीय कल्याण केंद्र बरगांव में विकास कार्यों का किया लोकार्पण, शिक्षा व संस्कार पर दिया गया जोर

# समाज के वंचित वर्ग के जीवन में फैल रहा उजाला : राजेन्द्र शुक्ल





**शहपुरा नवभारत 8 अप्रैल।** विकासखंड शहपुरा के ग्राम पंचायत बरगांव में स्थित जनजातीय कल्याण केंद्र प्रांगण के बाउंड्री वॉल एवं नर्मदांचल विद्यापीठ शिक्षक भवन, सोलर पेनल और वार्षिक प्रतिवेदन का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, रामदत्त चक्रधर, राजकुमार मटाले, स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी, राज्य मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा पर्यटन मंत्री प्रीतम लोधी की विशेष उपस्थिति रही।

## सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा लोकार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता, वीरांगना रानी दुर्गावती एवं भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात नर्मदाचंल विद्यापीठ की बालिकाओं के द्वारा सरस्वती वंदना एंव सामूहिक लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी गई एवं विद्यालय के खिलाडी बच्चों के द्वारा राजकीय खेल मलखम्ब का शानदार प्रदर्शन किया गया।

## मल्लखंभ का प्रदर्शन रहा शानदार

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय कल्याण केंद्र में गरीब एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए उनके शारीरिक, मानसिक एवं संस्कारिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मल्लखंभ का प्रदर्शन को देखकर अत्यंत संतोष एवं गर्व का अनुभव हो रहा है।

## समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा है

उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार यह परिसर तैयार हुआ है, वह संकल्प से सिद्धि का एक जीवंत उदाहरण है। समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा है, और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सुविधा सम्पन्न बनाना, उसे शिक्षित एवं संस्कारित करना ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का मूल उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र को देखकर प्रतीत होता है कि वह संकल्प आज साकार रूप ले रहा है और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में उजाला फैल रहा है।

## अच्छे व्यक्तियों का निर्माण आवश्यक है : चक्रधर

कार्यक्रम के दौरान सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वप्रथम अच्छे व्यक्तियों का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से 100 ग्रामों को चिन्हित कर उन्हें रोगमुक्त, व्यसनमुक्त, विवादमुक्त एवं क्षुधामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने 'मेरा गांव, स्वस्थ गांव' की थीम पर कार्य करने का आह्वान करते हुए आदर्श ग्राम निर्माण का संकल्प दोहराया।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना आवश्यक : मटोले

राजकुमार मटोले ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुसूचित जनजाति के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को सुनिश्चित करना आवश्यक है। साथ ही नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण, उच्च आदर्शों एवं मातृशक्ति युक्त परिवेश का निर्माण करना भी हमारा लक्ष्य है।

## इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, राजनगर विधायक अरविन्द पटेरिया, पन्ना विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहाणी, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, ब्योहारी विधायक शरद कोल, विधायक गौरव पराधी, सचिव डॉ अनिच बाजपेयी, अध्यक्ष मनोहर शाहू, जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, प्रियंका आर्मो, सुधीर दत्त तिवारी, आशीष वैश्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# घटिया निर्माण का खुलासा, बनते ही उखड़ी सीसी सड़क

पार्षद अतुल तिवारी ने दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की



**चिल्हारी नवभारत 8 अप्रैल।** मानपुर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 5 और 6 के बीच बन रही सीसी सड़क अब विवादों के केंद्र में आ गई है। घटिया निर्माण के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है स्थानीय लोग भी खुलकर विरोध में उतर आए हैं।

जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य ठेकेदार अंबिकेश मिश्रा द्वारा कराया जा रहा है। वार्ड 5 के पार्षद अतुल तिवारी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए नगर परिषद के सीएमओ और इंजीनियर से सड़क को तत्काल उखड़वाकर ठेकेदार से दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

## रात के अंधेरे में हो रहा सड़क निर्माण का कार्य

पार्षद तिवारी ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा रात के अंधेरे में निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे निगरानी नहीं हो पाती और गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में सीमेंट और गिट्टी की मात्रा भी मानकों के अनुरूप नहीं डाली जा रही, जिसके चलते सड़क बनते ही उखड़ने लगी है।

## वार्डवासियों ने भी लगाया लापरवाही का आरोप

वार्डवासियों ने भी निर्माण कार्य में भारी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा, जिससे गिट्टी ठीक से सेट नहीं हो पा रही और सड़क कमजोर बन रही है। यही कारण है कि सड़क बनते ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है। मामले को और गंभीर बनाते हुए पार्षद ने बताया कि नल-जल योजना की पहले से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के ऊपर ही गिट्टी डालकर सड़क बना दी गई है।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग दस्तयाब



उमरिया। पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी, अति. पुलिस अधीक्षक सीताराम के दिशा-निर्देश एवं एसडीओपी पीएस परस्ते के नेतृत्व में पुलिस टीम को 11 वर्षीय बालक को दस्तयाब करने में सफलता मिली। 5 अप्रैल की शाम आवेदिका ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 माह की उम्र में दिमागी बुखार के कारण मेरा बेटा शरीर के दाहिने अंग से विकलांग था, घर से सामने से खेलते हुये बिना जानकारी के कही चला गया। आवेदिका की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। **कटनी से बालक को किया गया बरामद**-विवेचना के दौरान गुम बालक की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये तत्काल पुलिस टीम गठित कर बालक को आस-पास के स्थानों पर खोजा गया, साथ ही क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से साक्ष्य संकलित किये गये। पुलिस के प्रयासों के परिणामस्वरूप बालक को 24 घंटे के अंदर जिला कटनी से सुरक्षित दस्तयाब किया गया।

# उप लोकसेवा केन्द्र का नियमित संचालन नहीं



ग्रामीणों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**चिल्हारी नवभारत 8 अप्रैल।** जिले के मानपुर विकासखंड चिल्हारी में उप लोक सेवा केंद्र संचालित है लेकिन नियमित संचालित नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## केंद्र बंद होने परेशान होकर लौट रहे हितग्राही

दूरदराज से ग्रामीण क्षेत्रीय लोग केंद्र में आवेदन करने पहुंचते हैं, लेकिन उनको निराश होकर लौटना पड़ता है। बड़ी संख्या में किसान सीमांकन एवं उत्कृष्ट नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र बनवाने आते हैं, लेकिन केंद्र खुला नहीं होने से परेशान होकर घर लौट जाते हैं। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि हफ्ते में एक या दो दिन ही खुलता है, शेष दिनों में बंद रहता है।

## कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

अगर चिल्हारी में नियमित केंद्र खुले तो 35 किलोमीटर दूर मानपुर क्षेत्रीय लोगों को लोक सेवा केंद्र संबंधित आवेदन लेकर नहीं जाना पड़ता।चिल्हारी में केंद्र खोलने से बड़े आसानी से लोगों के आवेदन कर सकते हैं। जनता ने कलेक्टर नियमित लोक सेवा केंद्र खुलवाने का आग्रह किया।

# युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**उमरिया।** 1 वर्ष पूर्व आरोपी के विरूद्ध चौकी सिविल लाईन में दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया था। चौकी सिविल लाईन पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया के दिशा-निर्देश में एवं एसडीओपी के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में 1 वर्ष से फरार आरोपी को सूरत से पकड़कर लाने में सफलता प्राप्त हुई है। विदित हो कि वर्ष 2025 में पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी जयप्रकाश यादव के विरूद्ध थाना कोतवाली में प्रकरण कायम किया गया था। पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के छिपे होने के वर्तमान स्थान का पता लगाकर तत्काल पुलिस टीम को संबंधित स्थान पर आरोपी को पकडने के लिये रवाना किया गया, जहां आरोपी को सूरत (गुजरात) से पकड़ने में सफलता हाथ लगी।

# 6 माह बाद भी नहीं आई जांच रिपोर्ट, कछारी पंचायत में भ्रष्टाचार पर पर्दा?

ग्रामीणों की शिकायत पर बनी थी जांच टीम, एपीओ बोले— रिपोर्ट अभी तैयार नहीं, कार्रवाई पर उठने लगे सवाल




**शहपुरा नवभारत 8 अप्रैल।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी में कथित भ्रष्टाचार और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद गठित जांच टीम ने करीब छह माह पहले मौके पर पहुंचकर जांच तो की, लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही जिला पंचायत को भेजा गया है।

## विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत की गई थी

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कछारी में विकास कार्यों में अनियमितता, घटिया निर्माण और वित्तीय गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से की थी। शिकायत के बाद जिला स्तर से जांच टीम गठित की गई थी। जनपद पंचायत शहपुरा के एपीओ अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे, संबंधित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार कर लौट गए।

## नहीं की गई प्रशासनिक कार्रवाई

जांच के लगभग छह महीने बीत जाने के बाद भी न तो जांच रिपोर्ट सामने आई है और न ही इस मामले में किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। इससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में जब एपीओ से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि जांच पूरी कर ली गई है और रिपोर्ट तैयार है, जिसे जल्द ही जिला पंचायत को भेजा जाएगा।

## जांच प्रक्रिया में की जा रही टालमटोल

हालांकि इतने लंबे समय तक रिपोर्ट लंबित रहने से ग्रामीणों को संदेह है कि मामले में जानबूझकर देरी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार को दबाने और दोषियों को बचाने के लिए जांच प्रक्रिया में टालमटोल की जा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अभिनय कला की गहराइयों से कराया जाएगा अवगत

डिंडौरी में बाल एवं युवा नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ

**डिंडौरी, नवभारत 8 अप्रैल।** जिले में रंगमंच और अभिनय के प्रति रुचि रखने वाले बच्चों एवं युवाओं के लिए इस समय एक बेहतरीन अवसर उपलब्ध हुआ है। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में डिंडौरी में बाल एवं युवा नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ 8 अप्रैल से हो चुका है, जिसमें प्रतिभागियों को रंगमंच की बारीकियों से व्यावहारिक रूप से परिचित कराया जा रहा है।

कार्यशाला का संचालन रंगकर्मी वंदना मानिकपुरी द्वारा किया जा रहा है, जो आदिरंग समिति डिंडोरी से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें अभिनय कला की गहराइयों से अवगत कराना है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय के साथ-साथ बॉडी मूवमेंट, इम्प्रोवाइजेशन, बॉडी लैंग्वेज, डायलॉग डिलीवरी और कैरेक्टराइजेशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त थिएटर गेम्स, इमेजिनेशन, ऑब्जर्वेशन, वॉइस एवं स्पीच एक्सप्रेशन, स्क्रिप्ट रीडिंग और राइटिंग, कविता एवं कहानी वाचन जैसी रचनात्मक गतिविधियों से भी प्रतिभागियों को जोड़ा जा रहा है।

# नए ठेके के बाद फिर सक्रिय हुआ शराब माफिया

कोतवाली पुलिस की तत्परता से बड़ा खुलासा, भारी मात्रा में जब्त की शराब



**डिण्डौरी,नवभारत 8 अप्रैल।** जिले में नए शराब ठेके के संचालन के बाद एक बार फिर अवैध शराब कारोबारियों की सक्रियता बढ़ने लगी है। प्रतिबंधित क्षेत्रों में शराब की सप्लाई का सिलसिला दोबारा जोर पकड़ता नजर आ रहा है।

इसी बीच कोतवाली पुलिस ने बीती दरम्यानी रात कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के बड़े प्रयास को विफल कर दिया। जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल की रात सूचना के आधार पर जिला जेल डिण्डौरी के पीछे बायपास रोड पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो स्कूटी सवार युवकों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी एवं देशी शराब बरामद की गई।

**फिर उठे सवाल—कहां से आ रही अवैध शराब?**-नए ठेकों के शुरू होने के बाद जहां प्रशासन द्वारा सख्ती के दावे किए जा रहे थे, वहीं इस तरह की घटनाएं उन दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं। आखिर प्रतिबंधित क्षेत्रों में इतनी बड़ी मात्रा में शराब पहुंच कैसे रही है? क्या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है?

**पुलिस की तत्परता काबिल-ए-तारीफ**-हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में कोतवाली पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई काबिल-ए-तारीफ रही। स्थानीय युवाओं की सजगता और सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया कि यदि आमजन और पुलिस मिलकर काम करें तो अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

**जरूरत सख्त निगरानी की** -जिले में अवैध शराब के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब आवश्यकता है कि प्रशासन इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच करे और जड़ तक पहुंचकर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह के अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# महिलाओं की पहल पर प्रशासन हुआ सक्रिय

सकरी टोला एवं घंघारी टोला में हैंडपंप स्थापना हेतु सर्वे प्रारंभ



**शहपुरा नवभारत 8 अप्रैल।** आयोजित जनसुनवाई के दौरान विकासखंड मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबीसा के पोषक ग्राम सकरी टोला एवं घंघारी टोला की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर अनूठे तरीके से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाई। महिलाएं घड़े एवं पानी भरने के बर्तन लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और अपनी समस्या से अवगत कराया।

महिलाओं की इस पहल को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं जनपद पंचायत मेहंदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मौके पर आवश्यक कार्यवाही की गई।

**पेयजल समस्या के समाधान की उम्मीद जगी**-प्रशासनिक अमले ने सकरी टोला और घंघारी टोला पहुंचकर नवीन हैंडपंप स्थापना के लिए स्थल चयन एवं सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस पहल से क्षेत्रवासियों में पेयजल समस्या के समाधान को लेकर उम्मीद जगी है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए जल्द ही समस्या के स्थायी समाधान की अपेक्षा जताई है।

# प्रमुख धार्मिक स्थल मालपुर नर्मदा तट बदहाल

समिति ने डिप्टी सीएम और संस्कृति मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**शहपुरा नवभारत 8 अप्रैल।** शहपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपुर स्थित कन्हैया संगम में नर्मदा तट की बदहाल स्थिति को लेकर मां नर्मदा पूर्णिमा महाआरती समिति ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित विकास कार्य कराने की मांग की है।

समिति द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कन्हैया संगम, जहां मां नर्मदा और कनई नदी का पवित्र संगम होता है, क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और स्नान के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## भारी मात्रा में मलवा और पत्थर हो गए जमा

समिति के अनुसार नर्मदा तट पर भारी मात्रा में मलवा और पत्थर जमा हो गए हैं, जिससे घाट की स्थिति जर्जर हो गई है। साथ ही छोटे पुल पर प्लेटो नहीं होने के कारण पानी नहीं रुकता और तट सूखने की स्थिति बन गई है।

## ये हैं प्रमुख मांगें

समिति ने ज्ञापन के माध्यम से नर्मदा नदी में जमा मलवा और पत्थरों की सफाई, नए घाटों का निर्माण, घाट और पुल पर प्रकाश व्यवस्था, पुल पर गेट लगाने तथा महाआरती घाट पर शेड निर्माण की मांग की है।

## दुर्घटनाओं की आशंका होगी कम

समिति का कहना है कि इन कार्यों के पूरा होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। साथ ही धार्मिक आयोजनों के दौरान व्यवस्थाएं अधिक सुव्यवस्थित हो सकेंगी। समिति ने शासन-प्रशासन से कन्हैया संगम के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है।

# चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 5 वारदातों का खुलासा




पुलिस ने लाखों का माल किया बरामद, गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

**डिण्डौरी, नवभारत 8 अप्रैल।** जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम कसते हुए कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सुनियोजित तरीके से सक्रिय एक चोरी के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को भी पकड़ा गया है।

इस कार्रवाई में चोरी के 5 प्रकरणों का खुलासा हुआ है और लाखों रुपये का माल बरामद किया गया है। बता दें कि कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में गठित टीम ने इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया।

**ऐसे देते थे वारदात को अंजाम**-पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी इरफान खान (19 वर्ष) निवासी ग्राम मुड़की अपने साथी बाल अपचारी के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद ये आरोपी वाहनों का रंग बदलकर उन्हें बेचने की फिराक में रहते थे, ताकि पहचान छिपाई जा सके।

**5 मोटरसाईकिल की बरामद**-पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 मोटरसाईकिल (लगभग 4.10 लाख) सोने-चांदी के जेवर (लगभग ?1.08 लाख) बरामद किए हैं। कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब ?5.18 लाख आंकी गई है। बरामद मोटरसाइकिलों में से 4 वाहन कोतवाली क्षेत्र की चोरी की घटनाओं से जुड़े पाए गए हैं, जबकि एक अन्य वाहन के असली मालिक की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में कोतवाली पुलिस की टीम के साथ तकनीकी सेल की अहम भूमिका रही। पुलिसकर्मियों की सतर्कता और लगातार निगरानी के चलते लंबे समय से सक्रिय यह गिरोह आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया।

**इनका कहना है**

आरोपी इरफान खान और बाल अभिचारी को गिरफ्तार किया गया है, जब उनसे पूछताछ की गई तो एक लाख आठ हजार के सोने - चांदी के जेवर, 5 मोटरसाईकिल कीमत करीब 4.10 लाख की चोरी करना कुबूल किया है। पूछताछ में बताया कि कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाईकिल चोरी करना स्वीकार किया।

**दुर्गा प्रसाद नगपुरे, निरीक्षक थाना कोतवाली, डिंडोरी**



# विद्यार्थियों की आधारभूत दक्षताओं का हुआ आंकलन

डिंडोरी जिले में एफएलएन सर्वे का सफल आयोजन

**डिंडौरी, नवभारत 8 अप्रैल।** शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने एवं विद्यार्थियों की आधारभूत दक्षताओं का वास्तविक मूल्यांकन करने के उद्देश्य से जिले में 6 एवं 7 अप्रैल को फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी एफएलएन सर्वे का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

यह सर्वे कक्षा 3 के उन छात्र-छात्राओं पर केंद्रित रहा, जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 4 में प्रवेशित हो चुके हैं। चयनित शालाओं में प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 12 विद्यार्थियों का चयन कर टेबलेट के माध्यम से उनकी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं का परीक्षण किया गया। डिजिटल माध्यम से किए गए इस सर्वे ने विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति का सटीक एवं पारदर्शी आकलन सुनिश्चित किया।

**इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान**-सर्वे के सफल संचालन में जिले के शिक्षकों, बीएसी, बीआरसीसी एवं संबंधित स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने निर्धारित समय-सीमा में शालाओं में पहुंचकर नियमानुसार सर्वे कार्य पूर्ण किया। तकनीकी सहयोग एवं डेटा संकलन की प्रक्रिया भी सुव्यवस्थित रूप से संपन्न की गई। सर्वे के उपरांत उपयोग किए गए टेबलेट एवं अन्य सामग्री को 9 एवं 10 अप्रैल को संबंधित कार्यालयों में विधिवत जमा किया जाएगा।